तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025




सांसद खेल महोत्सव 2025 का विधानसभा स्तरीय आयोजन प्रारंभ 11



किसानों का धान सुचारु व पारदर्शी तरीके से खरीदा जाए: कलेक्टर नूपुर 11



## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक 24 को

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने आगामी 20 दिसंबर को प्रस्तावित जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। अब यह समीक्षा बैठक 24 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। नवीन निर्देशों के अनुसार बैठक का आयोजन 24 दिसंबर को दोपहर 03.30 बजे जगदलपुर स्थित कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में सुनिश्चित किया गया है।

### एसआईआर : 23 को जारी होगा मतदाता सूची का ड्राफ्ट

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का पहला महत्वपूर्ण चरण पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 4 नवंबर से 18 दिसंबर तक चलाए गए गणना और घर-घर सत्यापन का कार्य संपन्न हो गया है। अब निर्वाचन आयोग आगामी 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित करने जा रहा है, जो प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए अपने मताधिकार की पुष्टि करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 23 दिसंबर को प्रारूप प्रकाशन के साथ ही दावा और आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जो 22 जनवरी तक जारी रहेगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 1 जनवरी 2026 को आधार तिथि मानते हुए, जो भी नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# प्राणदायनी इंद्रावती नदी पर संकट बहुमूल्य पानी व्यर्थ में बहाया जा रहा

अनिल सामंत ▸▸| जगदलपुर

बस्तर अंचल में पहले से ही सीमित सिंचाई सुविधाओं के बीच इंद्रावती नदी पर बने नदी सागर एनीकेट का गेट खुले रहने से प्राणदायनी नदी का बहुमूल्य पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। जबकि वर्तमान में किसानों को कृषि कार्य के लिए सिंचाई की तत्काल आवश्यकता नहीं है। इस स्थिति को लेकर इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति और अंचल के किसानों में गहरा आक्रोश है।

बस्तर संभाग में आज भी सिंचाई के लिए कोई बड़ा बांध नहीं है। एकमात्र मध्यम सिंचाई परियोजना कोसारटेडा से भी सीमित क्षेत्र को ही पानी मिल पाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिले में कुल कृषि भूमि का मात्र 7 से 10 प्रतिशत रकबा ही सिंचित है। ऐसे में इंद्रावती नदी के जल का संरक्षण किसानों के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है। संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि नदी सागर एनीकेट का गेट खुले रहने से लाखों गैलन पानी बिना उपयोग के बह रहा है। समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से गेट बंद करने का ध्यानाकर्षण कराया गया, लेकिन विभाग ने अब तक कोई पहल नहीं की। गुरुवार को समिति के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां गेट खुला पाया गया। इसकी जानकारी ▸▸| शेष पेज 11 पर

**खास बातें**

- एनीकेट के खुले गेट से बह रहा जीवनदायी पानी
- किसानों ने चेताया गेट नहीं बंद हुआ तो करेंगे बोरी बंधान
- बस्तर की सिंचाई हकीकत बड़े बांध का अभाव, मात्र 7–10 प्रतिशत रकबा ही सिंचित



### किसानों का निर्णय, अब भरोसा नहीं, सीधे कार्रवाई

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे अब केवल विभाग और सरकार के भरोसे नहीं रह सकते। समिति ने निर्णय लिया है कि यदि समय रहते गेट बंद नहीं किया गया, तो रविवार को किसानों और समिति के सदस्यों द्वारा बोरी बंधान कर एनीकेट का गेट बंद किया जाएगा। समिति का कहना है कि पानी रोकना आवश्यक है, ताकि आने वाले समय में किसानों को पिछले वर्ष की तरह सिंचाई संकट का सामना न करना पड़े और फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

**दो दिन में तीसरी मौत, इंजीनियर के बाद छात्र को वाहन ने मारी टक्कर**

# नहीं थम रहे सड़क हादसे, 11 वीं के छात्र को ट्रक ने रौंदा, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

हर वर्ष की तरह नए साल के जश्न से पहले एक्सीडेंट के मामले बढ़ने लगे है। पिछले 48 घटें में तीन अलग हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को हुई तीसरे हादसे में 11 वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। इस हादसे में उसके दो साथी बाल बाल बच गए।

- बाल बाल बचे साथी दो छात्र आईं हल्की चोटें

जानकारी के मुताबिक परपा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटीगुड़ा के करीब एक तेज रफ्तार ट्रक को देखकर बाईक चला रहे छात्र ने जैसे ही ब्रेक मारा वैसे ही बाइक सवार एक युवक उछलकर ट्रक के सामने जा गिरा। इस हादसे में 11 वीं कॉमर्स के छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में छात्र की जहां मौके पर ही मौत हो गई वही 2 अन्य छात्र को हल्की फुल्की चोटें आईं। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार कर लिया गया है। वही घटना की जानकारी लगते ही छात्रों के परिजन अस्पताल पहुंच चुके है।



पुलिस के मुताबिक कचनार निवासी गोपाल कश्यप 17 वर्ष अपने 2 दोस्त प्रिंस बघेल 16 वर्ष निवासी कलेपाल व अमर नाग 17 वर्ष निवासी कचनार के रहने वाले है। तीनो छात्र छिंदबहार स्कूल में अध्ययनरत है। प्रिंस ने बताया कि स्कूल में परीक्षा चल रही थी। परीक्षा नहीं होने के कारण प्रिंस अपने मोटरसाइकिल में इन दोनों को लेकर स्कूल की ओर से भाटीगुड़ा होते हुए जगदलपुर की ओर जाने के लिए निकला हुआ था। इसी दौरान भाटीगुड़ा मुख्य मार्ग स्थित मोड़ में सामने से आते हुए ट्रक को देखकर प्रिंस ने अपना नियंत्रण खो दिया और ब्रेक मार दिया। अचानक लगे ब्रेक के चलते गोपाल वाहन से जा गिरा। ट्रक का पहिया सिर पर चढ़ गया जिससे गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया, वही शव को पीएम के लिए मेकाज लाया गया। इसकी जानकारी परिजनों को दी गई। बहरहाल परपा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 48 घंटे में तीसरी मौत

सड़का हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है, पिछले 48 घटें में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार सुबह एक तीर्थयात्रियों की बस तारागांव के पास एक पेड़ में जा टकराई थी। इस हादसे में राजनांदगांव निवासी एक तीर्थयात्री राजनादंगांव निवासी तामेश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में बैताल चन्द्रैया 39 वर्ष निवासी श्रीलक्ष्मीपुर थाना चपांकेडी गंजाम ओडिशा निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। वह स्टील प्लांट नगरनार में बतौर इंजीनियर कार्यरत था।

# एयरपोर्ट में 8 फीट ऊंची व 5 किमी लंबा बन रही बाउंड्रीवॉल





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए ऊंची बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 किमी लंबी और लगभग 8 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा को मजबूत करेगी। इसमें लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री गोकुल पात्र की टीम जुटी हुई है।

- एयरपोर्ट को अवैध प्रवेश और सुरक्षा उल्लंघन से बचाएगा

### ठेकेदार को दिए निर्देश

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ केसी कश्यप ने बताया कि इसलिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया कि समय सीमा में कार्य पूरा करें। समयसीमा में कार्य नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नानगुर में 100 बोरी धान और मिनी ट्रक किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

धान खरीदी के सीजन में बिचौलियों द्वारा पड़ोसी राज्यों से अवैध धान खपाने की कोशिशों पर जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन की इसी सतर्कता के चलते शुक्रवार सुबह तहसील नानगुर में एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली, जहाँ राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने ओडिशा के चांदली से आ रहे धान के अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की।

- ओडिशा से खपाने लाया जा रहा था अवैध धान

घटना शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे की है। प्रशासन को सूचना मिली थी कि सीमावर्ती रास्ते से अवैध धान की खेप लाई जा रही है। मुस्तैदी दिखाते हुए जांच दल ने नाकेबंदी की और संदेह के आधार पर मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0155 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 100 बोरी धान लदा पाया गया। जब वाहन चालक से इस धान के परिवहन और खरीदी संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी कागज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। यह स्पष्ट होते ही कि धान अवैध रूप से पड़ोसी राज्य से लाया गया है, टीम ने तत्काल मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए धान और वाहन को जब्त कर लिया तथा उसे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु नानगुर थाना के सुपुर्द कर दिया है।



### सख्ती जारी रहेगी

इस पूरी कार्रवाई में नायब तहसीलदार लखीराम पांडे, रोहन कुमार बीसी और डोमन लाल शामिल थे। उनके साथ मंडी निरीक्षक बीके दिल्लीवार तथा पटवारी शंकर बैद, सोमेश नागेश और दिनेश सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाते रही। अधिकारियों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसी सख्ती आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



### 27 क्विं. धान के साथ पिकअप पकड़ाया

**जगदलपुर।** क्षेत्र में अवैध धान परिवहन और कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने अपनी मुहिम और भी तेज कर दी है। एसडीएम बकावण्ड मनीष वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 27 क्विंटल धान को जब्त कर लिया।

- प्रशासन ने अवैध धान परिवहन पर की कार्रवाई

घटनाक्रम के अनुसार एसडीएम मनीष वर्मा को ग्रामीणों के माध्यम से सटीक सूचना मिली थी कि सिंगसारी क्षेत्र से अवैध रूप से धान को खपाने के लिए बस्तर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने बिना समय गंवाए प्रशासनिक टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। टीम ने बंगला डोंगरी के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखना शुरू किया। इसी दौरान एक पिकअप वाहन क्रमांक ओआर 24 ए 7629 को घेराबंदी कर रोका गया, जिसे सिंगसारी निवासी नित्यानंद चौधरी चला रहे थे। वाहन की तलाशी लेने पर टीम ने पाया कि उसमें बोरियों में ▸▸| शेष पेज 11 पर

**कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक अनुशासन व निरंतर जनसंपर्क का आह्वान**

# भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान हुआ तेज, बैठकों से संगठन को जमीनी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से जिलेभर में बूथ सशक्तिकरण अभियान को गति दे दी है। इसके तहत शक्ति केन्द्रवार निरंतर बैठकों का आयोजन कर बूथ स्तर की टीमों को सक्रिय किया जा रहा है। पार्टी का स्पष्ट मानना है कि मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। इसी रणनीति के तहत कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले के तेरह मंडलों में नवनियुक्त मंडल प्रभारी और मंडल अध्यक्ष स्वयं बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों में शामिल होकर संगठन के कार्यक्रमों, अभियानों और आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

- एसआईआर अभियान पर विशेष फोकस, हर बूथ को चुनावी दृष्टि से सक्षम बनाने की रणनीति



शहरी क्षेत्र में भाजपा ने संगठनात्मक दृष्टि से जगदलपुर पूर्वी मंडल और जगदलपुर पश्चिमी मंडल का गठन किया है। दोनों मंडलों में शक्ति केन्द्रवार बूथ बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है। इन बैठकों में बूथ समिति की भूमिका, मतदाता सूची से जुड़े कार्य, जनसंपर्क अभियान और संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पार्टी नेतृत्व का जोर इस बात पर है कि संगठन के कार्यक्रम केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका प्रभाव हर गली, हर वार्ड और हर मतदाता तक पहुंचे। इसी क्रम में शुक्रवार को जगदलपुर पूर्वी मंडल अंतर्गत भगत सिंह शक्ति केन्द्र और मोतीलाल नेहरू शक्ति केन्द्र की बैठक सम्पन्न हुई। मोतीलाल नेहरू वार्ड में आयोजित शक्ति केन्द्र बैठक में एसआईआर अभियान को लेकर विशेष चर्चा ▸▸| शेष पेज 11 पर


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** – 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण** – 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण** – 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**Welcome to Luxurious Home Stay Now In Jagdalpur**

# VARGHESE LUXURY

Luxurious Home Stay away from your own Home

COMING SOON




निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि
रायपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं








**Amenities available**

- Affordable, Well-Furnished AC Rooms with all amenities just like a Hotel Suite.
- 24 Hours Room Services dining and laundry, House Keeping available.

At Varghese Wings Dharampura Road. Call-7024020529, 6268043148, 9691138954

# अब ना होंगे दूर
# आपका अपना घर

VARGHESE BUILDERS
ISO Certified Firm

# VARGHESE BUILDERS

Engineers & Colonisers (Regd.)



- Branded Plots, Well Furnished Apartments & premium Bungalows.
- Available at well-developed Zero worry, RERA regd housing projects.

Visit varghesebuilders.com For more details- 6268043148, 7024020529, 7224075011, 9691138954

Multi Cuisine, Cafe Themed Restaurant and International Bake House. Word-Class Hygiene Control Protocols | Organic Spices | Oil Change Every 3 Hours | Food Grade Packaging

Cakery BY URBAN AFFAIRS.

Cafe BY URBAN AFFAIRS.




Above Vishal Mega Mart, Varghese Wings, Dharampura No.1, Jagdalpur. (CG)
+91-8516930139

VISHAL MEGA MART

आपका अपना दुकान
वर्गीस विंगस धरमपुरा रोड़ जगदलपुर

**खबर संक्षेप**

## पीएम आवास योजना शहरी अंतर्गत हितग्राहियों को राशि जारी




**कोण्डागांव।** नगर पंचायत फरसगांव, जिला कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शी भुगतान प्रणाली के तहत हितग्राहियों को अनुदान राशि सफलतापूर्वक सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी प्रथम चरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत निर्माणाधीन सभी आवासों में नींव, लिंटल, छत और पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होने के अनुरूप शत–प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग और बैंक खाता लिंकिंग में तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं। इनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों और बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को अनुदान में किसी प्रकार की बाधा न आए।

सभी हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने का लक्ष्य नगर पंचायत फरसगांव ने स्पष्ट किया कि हितग्राही अनुदान राशि की किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ प्रदान करना निकाय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कलेक्टर ने सीएचसी फरसगांव में जन्म–मृत्यु पंजीयन शाखा का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में जन्म मृत्यु पंजीयन शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन्म पंजीयन की जानकारी ली और समयबद्ध ढंग से वितरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पंजीयन में आ रही दिक्कतों के बारे में जाना और वितरण हेतु बचे हुए प्रमाण पत्रें को मैदानी स्तर के स्टाफ के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री रूपेंद्र नेताम, तहसीलदार श्री जय नाग सहित स्वास्थ विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने भ्रमण के दौरान ग्राम पांडे आठगांव में किसान विधेष कुमार प्रधान के फार्म में गुलाब की खेती कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने किसान प्रधान से चर्चा करते हुए शासन द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता, गुलाब की खेती की प्रक्रिया और हो रही आमदनी के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने गुलाब की खेती कार्य की सराहना करते हुए अन्य किसानों को प्रोत्साहित करते हुए फूलों की खेती को बढ़ावा देने की बात कही।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का विधानसभा स्तरीय आयोजन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत कोंडागांव विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बड़े कनेरा रोड स्थित खेलो इंडिया सेंटर में किया गया। इस आयोजन में कोंडागांव एवं माकड़ी विकासखंड से चयनित लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता में 0 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है।

### कोंडागांव में खेलो इंडिया सेंटर में उत्साहपूर्ण उद्घाटन



**प्रतिभागियों को मिलेगा आगे बढ़ने का मंच**

आयोजन के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया तथा वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय महिला खेल उत्सव 2025 का आयोजन 20 को

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कोण्डागांव के तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेल उत्सव 2025 का आयोजन 20 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे कोण्डागांव स्थित खेलो इंडिया सेंटर में होगा। इस महिला खेल उत्सव में जिले की महिला खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग लेंगी। प्रतियोगिताओं में शामिल हैं एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, खो–खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी। महिला खेल उत्सव के लिए प्रतिभागियों को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है 9 से 18 वर्ष, 18 से 35 वर्ष। इच्छुक महिला खिलाड़ी अपने पहचान पत्र के साथ प्रातः 9 बजे तक कोण्डागांव स्थित खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकती हैं।

### निरीक्षण : कलेक्टर ने जुगानीकलार धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

# किसानों का धान सुचारु व पारदर्शी तरीके से खरीदा जाए: कलेक्टर नूपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

किसानों को धान उपार्जन की पारदर्शी, सुचारू एवं परेशानीमुक्त व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव विकासखंड स्थित धान उपार्जन केंद्र जुगानीकलार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टोकन वितरण व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, डनेज व्यवस्था तथा धान की सुव्यवस्थित स्टैकिंग की जानकारी ली। शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान विक्रय के लिए आए किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने समिति प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न आए। कलेक्टर ने समिति स्टाफ को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार खरीदी सुनिश्चित करने तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश नेताम, तहसीलदार जय नाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### तूहर टोकन ऐप अब 24x7, समय की बाध्यता समाप्त

**कोण्डागांव।** प्रदेश सरकार ने धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं किसान हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24x7 उपलब्ध करा दिया गया है। अब मोबाइल एप के माध्यम से टोकन काटने के लिए किसी निश्चित समय की बाध्यता नहीं रहेगी और किसान अपनी सुविधा के अनुसार दिन या रात किसी भी समय टोकन बुक कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत किसान 13 जनवरी तक आगामी 20 दिनों के लिए पहले से टोकन ले सकेंगे। इससे धान विक्रय की योजना बनाना आसान होगा और टोकन के लिए होने वाली भीड़ व तकनीकी दबाव से राहत मिलेगी।

### जिले में अब तक 8.79 लाख क्विंटल से अधिक का हुआ उपार्जन



**कोण्डागांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया गया है। धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रता मापी यंत्र सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों की नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि किसानों को सही तौल और गुणवत्तापूर्ण खरीदी का लाभ मिल सके। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार की स्थिति में जिले में अब तक 8 लाख 79 हजार 87 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उपार्जन किया जा चुका है। जिले के उपार्जन केंद्रों में सर्वाधिक धान खरीदी विश्रामपुरी केंद्र में 28,246 क्विंटल दर्ज की गई। इसके बाद बहीगांव में 27,547 क्विंटल, सलना में 26,029 क्विंटल, गम्हरी में 25,907 क्विंटल तथा अरण्डी में 24,944 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले में कुल 54,734 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 14,856 किसानों ने धान विक्रय किया है। इनमें से 14,590 किसानों को 2 अरब 8 करोड़ 25 लाख 72 हजार 52 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। भुगतान राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है।

## केशकाल मार्ग उन्नयन कार्य भी देखने के लिए पहुंची

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को केशकाल नगर के मुख्य मार्ग में चल रहे नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, गति और तकनीकी पहलुओं का जायजा लेते हुए समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल एवं अतिक्रमण को हटाने तथा निर्माण क्षेत्र में नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि यातायात और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान छोटे वाहनों, यात्री बसों और भारी वाहनों के लिए सुव्यवस्थित डायवर्सन रूट निर्धारित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि डायवर्सन व्यवस्था स्पष्ट और सुरक्षित होनी चाहिए, जिससे निर्माण कार्य भी निर्बाध रूप से चलता रहे।



## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने फरसगांव विकासखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोरगांव का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई, भोजन व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में रफ कॉपी का उपयोग न किया जाए, ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस अवसर पर डीएमसी ईमल बघेल, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश नेताम, तहसीलदार जय नाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## बड़ेराजपुर में रात्रिकालीन जनचौपाल का आयोजन



**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में रात्रि कालीन और दिन में जनचौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कोरहोबेडा, कोरगांव और होनावड़ी में रात्रि कालीन, जबकि ग्राम पंचायत कोसमी, मचली, कौंदकेरा, कोंगरा, किवड़ा, पारोंड, धामनपुरी, तितरवंड और बैजनपुरी में दिन में जनचौपाल आयोजित किए गए।

▪ प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर समाधान

हितग्राहियों ने आवास निर्माण से जुड़ी समस्याएं साझा कीं। अधिकारियों ने उनके मुद्दों का मौके पर समाधान किया और राजमिस्त्री, ईंट, रेत, गिट्टी, सीमेंट की उपलब्धता, साथ ही राशि के सही उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही, हितग्राहियों को मनेरगा, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ पेयजल और अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## केरागांव में तकनीकी उन्नयन मत्स्य प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार मत्स्य पालन विभाग द्वारा विकासखंड बड़े राजपुर के ग्राम केरागांव में 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय तकनीकी उन्नयन मत्स्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि और आजीविका सशक्तिकरण रहा।



प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक मत्स्य पालन पद्धतियां, तालाब प्रबंधन, उन्नत बीज उत्पादन, आहार प्रबंधन एवं रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही राज्य शासन की विभिन्न मत्स्य योजनाओं की जानकारी देकर अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# जैतखाम में ध्वजारोहण के साथ मनी गुरु घासीदास की जयंती

**कोण्डागांव।** विकासखंड कोंडागांव के ग्राम चिखलपुटी में गुरुवार 18 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के महान संत, सतनाम पंथ के प्रवर्तक परमपूज्य गुरु घासीदास की 269वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुगद्दी में पूजा–अर्चना से हुई। पूजा के पश्चात जैतखाम में सामूहिक आरती कर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जय सतनाम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

▪ मनखे–मनखे एक बरोबर के संदेश के साथ हुआ भव्य



कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक पंथी नृत्य ने सभी का मन जीत लिया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने गुरु घासीदास के बताए सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूजा–अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तथा सामूहिक भोजन भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सरपंच राजेश्वरी सोढ़ी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला–पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए और आयोजन को सफल बनाया।

## अग्निवीर भर्ती सीईई में सफल अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी

**कोण्डागांव।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में सफल अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के अनुसार इन सफल अभ्यर्थियों के लिए जनवरी 2026 में छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई 2025 के मध्य आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता परीक्षा, चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल होने के पात्र होंगे।सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक धमतरी जिले के इंडोर स्टेडियम में भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

**चार श्रेणियों में होगा चयन :** भर्ती रैली के दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन कक्षा 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। योग्य अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, साथ ही पंजीकृत ई–मेल आईडी पर भी भेजे गए हैं।

# कोंडागांव से अयोध्याधाम के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**कोण्डागांव।** राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत कोंडागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार की रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। कोंडागांव नगर के अंबेडकर चौक से नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने रात्रि 9 बजे हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को विदा किया। श्रद्धालुओं का यह दल बस द्वारा राजनांदगांव तक की यात्र करेगा, जिसके बाद ट्रेन से अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करेगा।

▪ राम लला दर्शन योजना के तहत 51 श्रद्धालु हुए शामिल

जत्थे में शामिल श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर नजर आए। जय श्रीराम के जयघोष के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, मनोज जैन, पार्षदगण सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं को शुभ यात्र की शुभकामनाएं दीं।



**पेज 9 के शेष**

### प्राणदायनी इंद्रावती नदी पर...

तत्काल जल संसाधन विभाग को दी गई। लखेश्वर कश्यप ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शनिवार तक एनीकेट का गेट बंद नहीं किया गया,तो विवश होकर अंचल के किसान और संघर्ष समिति के कार्यकर्ता स्वयं गेट बंद करने की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राणदायनी इंद्रावती एक बार फिर सूखने की कगार पर है और शासन-प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी दी जा चुकी है। उन्होंने पिछले वर्ष की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि गत गर्मी में भोंड एनीकेट का गेट खोल दिए जाने से भारी मात्रा में पानी बह गया था। जिसके कारण रबी फसल के समय किसानों को सिंचाई के लिए भारी संघर्ष करना पड़ा। उस दौरान भी किसानों और संघर्ष समिति के सदस्यों को बोरी बंधान कर नदी का पानी रोकना पड़ा था,ताकि फसलों को बचाया जा सके। इस पूरे मामले में समिति अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप,सचिव सुभाष कश्यप,लक्ष्मण बघेल सहित बड़ी संख्या में किसानों ने स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जाहिर की। इस पूरे मामले में जल संसाधन विभाग के अधीक्षण करण भंडारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया। वे इस सबंध में अनिभिज्ञता जाहिर की।

### 27 क्विं. धान के साथ...

भरकर भारी मात्रा में धान ले जाया जा रहा था। जब चालक से धान परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। जांच में कुल 27 क्विंटल धान अवैध पाया गया। प्रशासन ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए धान सहित पिकअप वाहन को जब्त कर लिया और उसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए करपावंड थाना में सुरक्षित रखवा दिया है। इस कार्रवाई के बाद एसडीएम बकावण्ड मनीष वर्मा ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि शासन के निर्देशों के विपरीत अवैध धान की खरीदी या परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### भाजपा का बूथ...

हुई। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण और शुद्धिकरण कार्य को पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ संपन्न किया जाए,ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। बैठक में यह भी कहा गया कि बूथ स्तर पर मजबूत टीम तैयार कर निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को और सुदृढ़ किया जाए। बैठक में वक्ताओं ने संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय और सतत परिश्रम पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं। यदि कार्यकर्ता संगठित,सक्रिय और उद्देश्य के प्रति समर्पित हों,तो संगठन को सफलता की ओर बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। संगठनात्मक कार्यक्रमों में आमजन और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस दौरान जगदलपुर पूर्वी मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य,पूर्व जिलाध्यक्ष विद्या शरण तिवारी,प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुधीर पाण्डेय,पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव,शक्ति केन्द्र प्रभारी किरण दीवान, पार्षद आलोक अवस्थी सहित मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एसआईआर अभियान और बूथ सशक्तिकरण की दिशा :** बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में चल रहा एसआईआर अभियान संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता को मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। संगठन के कार्यक्रमों को योजनाबद्ध ढंग से जमीनी स्तर पर लागू कर आमजन को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाए। मजबूत बूथ,सक्रिय कार्यकर्ता और निरंतर जनसंपर्क ही भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का आधार है।

### प्रशासन गांव की ओर अभियान, सुशासन सप्ताह के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान

# 19 से 25 दिसंबर तक जिलेभर में लगाए जाएंगे जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेन्स वीक के अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर 2025 तक प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में कोंडागांव जिले में भी व्यापक स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे।

अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी और प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।जनसमस्या निवारण शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में प्राप्त जानकारी को प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

**19 दिसंबर को इन विकासखंडों में शिविर :** जनपद पंचायत माकड़ी ग्राम बीजापुर कलस्टर बीजापुर के अंतर्गत बीजापुर, तमरावण्ड, करंडी, देवगांव, अनूपपुर सहित कुल 20 ग्राम पंचायतें शामिल रहेंगी। बड़े राजपुर लिहागांव हाई स्कूल मैदान हरवेल, गम्हरी, केरागांव, मारंगपुरी सहित 16 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। कोंडागांव विकासखंड ग्राम चिपावण्ड चिपावण्ड सहित सिंघनपुर, बड़ेसिलाटी, भीरागांव, कुम्हारी, धनपुर समेत 30 से अधिक ग्राम सम्मिलित। फरसगांव कोनगुड़ क्लस्टर कोनगुड़ बड़गई, उरन्दाबेड़ा, जामगांव सहित 18 ग्राम पंचायतें शामिल।

**20 दिसंबर को शिविर :** माकड़ी मंडी प्रांगण माकड़ी, बागबेड़ा, हीरापुर, धारली, उमरगांव सहित 25 ग्राम पंचायतें। केशकाल धनोरा स्कूल मैदान धनोरा, बनियागांव, भाटगांव, कोरकोटी सहित 20 ग्राम। कोंडागांव दहिकोंगा, चिखलपुटी, कुसमा, राजागांव, सोनाबाल सहित 25 ग्राम पंचायतें। फरसगांव बड़ेडोंगर, बड़ेडोंगर, आलोर, झाटीबन, कोटपाड़ सहित 25 से अधिक ग्राम।

**21 दिसंबर को मर्दापाल क्लस्टर में शिविर :** कोंडागांव जनपद पंचायत मर्दापाल में आयोजित शिविर में हंगवा, तोतर, बोरगांव, लखापुरी, बादालूर, हथकली सहित 35 से अधिक ग्राम पंचायतें शामिल होंगी।

**22 दिसंबर को विभिन्न क्लस्टरों में शिविर :** माकड़ी रांधना, उदेंगा, केरावाही, काटागांव सहित 24 ग्राम। केशकाल खालेपुरखुंट, डोंगरपाल, साल्हेमेट ग्राम शामिल। बड़े राजपुर बाजार परिसर बड़ेराजपुर, टेंवसा, खरगांव, रामपुर सहित 13 ग्राम। कोंडागांव भीरागांव सहित 35 से अधिक ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। फरसगांव जनपद पंचायत परिसर सिंगारपुरी, जुगानीकलार, सिरपुर, सोड़मा सहित 30 से अधिक ग्राम।

**23 एवं 24 दिसंबर को भी जारी रहेगा अभियान**

23 दिसंबर अड़ेंगा केशकाल, गौरगांव, सिदावण्ड, गढ़धनोरा सहित 20 ग्राम। 24 दिसंबर बहीगांव एवं बड़ागांव, अरण्डी, तेन्दूभाटा, सलना, विश्रामपुरी सहित अनेक ग्राम पंचायतें।

**प्रशासन की अपील**

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने–अपने क्लस्टर शिविरों में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों का निराकरण कराएं और सुशासन अभियान का लाभ उठाएं।

**खबर संक्षेप**

### नये कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

**सुकमा।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर अमित कुमार ने



शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी अमित कुमार पूर्व में आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर के रूप में पदस्थ रहे। इसके साथ ही कार्यभार ग्रहण के उपरांत सभाकक्ष में सभी जिला प्रमुख अधिकारियों से परिचयात्मक जानकारी लेकर उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं सेवा भाव के साथ करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करना हम सभी का मूल कर्तव्य है। प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर, तहसीलदार सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### नकल रोकने उड़नदस्ता दल गठित

**जगदलपुर।** व्यापमं द्वारा 21 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली केमिस्ट भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिसके लिए एक विशेष उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। तीन सदस्यीय दल में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसमें जगदलपुर नायब तहसीलदार डोमन लाल, भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक ब्रजभूषण देवांगन और रक्षित केन्द्र जगदलपुर के सहायक उप निरीक्षक संजय नंद शामिल हैं।

# सघन निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिलने पर ली गई राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लंबे समय बाद आरपीएफ के आईजी के जगदलपुर आगमन की सूचना मिलते ही पूरे रेल सुरक्षा बल महकमे में हड़कंप की स्थिति बन गई। 18 और 19 दिसंबर को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर आरपीएफ के आईजी आलोक बोरा भुवनेश्वर से जगदलपुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर आरपीएफ की सभी इकाइयों में सतर्कता बढ़ा दी गई थी। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कमी-खामी नहीं मिलने से अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली।

आईजी आलोक बोरा 18 दिसंबर को पूर्वान्ह हिराखण्ड एक्सप्रेस से जगदलपुर पहुंचे। उनके साथ विशाखापत्तनम के सीनियर डिवीजन कमांडेंट अजय प्रकाश भी मौजूद थे। जगदलपुर पहुंचने के तुरंत बाद आईजी बोरा ने जगदलपुर, दंतेवाड़ा और किरंदुल स्थित आरपीएफ

**लंबे समय बाद आरपीएफ के किसी प्रमुख आईजी का जगदलपुर दौरा**



**सुरक्षा व्यवस्था का आकलन**

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जगदलपुर आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। आईजी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद कर प्रशासनिक एवं परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। इकाइयों में अनुशासन, स्वच्छता,रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ बिंदुओं पर सुधारात्मक सुझाव देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश मौके पर ही जारी किए गए तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

चौकियों का विस्तृत निरीक्षण प्रारंभ किया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रजिस्टर, कार्यालयीन कार्यप्रणाली,भोजन व्यवस्था,बैरक,जगदलपुर आरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र तथा जगदलपुर रेलवे स्टेशन सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहनता से जांच की गई।

आरपीएफ सूत्रों के अनुसार,निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं,जिससे महकमे के अधिकारियों और जवानों में आत्मविश्वास दिखाई दिया। दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के समापन के बाद आईजी आलोक बोरा एवं सीनियर डिवीजन कमांडेंट अजय प्रकाश शुक्रवार को हिराखण्ड एक्सप्रेस से रेल जोन मुख्यालय भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गए। उनके प्रस्थान के बाद जगदलपुर आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली,क्योंकि लंबे समय बाद हुए इस सघन निरीक्षण में किसी भी तरह की बड़ी कमी सामने नहीं आई।

### सुनियोजित हिंसा का आरोप, बंग समाज देशभर में आहत

# मलकानगिरी में सुनियोजित आगजनी से 265 परिवार उजड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर से सटे ओडिशा के मलकानगिरी जिले के अधनिस्थ ग्राम एमव्ही 26 में घटित भीषण आगजनी की घटना ने राष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा कर दी है। विगत दिनों कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दी गई इस घटना में गांव के लगभग 265 परिवारों के मकान, दुकानें, फसलें, वाहन और दैनिक उपयोग की सामग्री जलकर खाक हो गई। उपद्रवियों ने घरों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी राशि भी लूट ली। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार बीते 12 दिनों से भीषण ठंड में छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। घटना एक ग्रामीण महिला के हत्या के बाद सामने आया। जब षडयंत्र के तहत हत्या में बंग समुदाय के एक युवक पर आरोप लगाते कुछ लोगो द्वारा उकसाया गया। जबकि बंग समुदाय स्वयं घटना में सीबीआई जांच की मांग कर रहा है।

- सीबीआई जांच और शत-प्रतिशत मुआवजे की उठी मांग
- बस्तर में बंग समाज ने जताया आक्रोश, ओडिशा सरकार पर फौरी राहत देने का आरोप

7 और 8 दिसम्बर को दो दिनों तक मलकानगिरी जिले के अधनिस्थ ग्राम एमव्ही26 में विगत दिनों घटित भीषण आगजनी की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस सुनियोजित उपद्रव में कुछ असामाजिक तत्वों ने गांव के लगभग 265 परिवारों के मकानों, दुकानों, फसलों, वाहनों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के दौरान घरों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी राशि भी लूट लिए जाने की जानकारी सामने आई है। इस घटना से न केवल ओडिशा बल्कि देशभर का बंग समाज गहरे आघात में है।

घटना को लेकर निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति बस्तर संभाग ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संभाग अध्यक्ष जीवानंद हलधर और सचिव श्याम घोष ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि आगजनी के बाद से पीड़ित परिवार भीषण ठंड में छोटे-छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। समिति ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।



**जांच, मुआवजा और कठोर कार्रवाई की मांग**

निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने ओडिशा के राज्यपाल के नाम मांगपत्र बस्तर कलेक्टर हरीश एस को सौंपते हुए घटना की अविलंब जांच, दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई और प्रभावित परिवारों को शत-प्रतिशत मुआवजा देने की मांग की। समिति ने ओडिशा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री मोहन मांझी पर पीड़ितों को फौरी राहत न देने का आरोप लगाया। साथ ही ग्राम राखेलगुड़ा, तहसील मलकानगिरी,जिला मलकानगिरी में हुई महिला की निर्मम हत्या के मामले में भी दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग उठाई गई। समिति ने मानवीय संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

प्रेसवार्ता में यह भी आरोप लगाया गया कि घटना के एक दिन पूर्व ओडिशा के प्रमुख विपक्षी दल बीजेडी से जुड़े कुछ नेताओं की गांव में मौजूदगी और ग्रामीणों को कथित रूप से उकसाने के बाद इतनी बड़ी घटना का घटित होना गहरे षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। पीड़ितों से चर्चा के आधार पर यह भी कहा गया कि उपद्रव के दौरान बम,पेट्रोल बम,तीर-धनुष और फरसा का उपयोग किया गया,हालांकि राहत की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम में किसी की जान नहीं गई।

घटना को लेकर निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति बस्तर संभाग ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। समिति का कहना है कि यह केवल एक गांव पर हमला नहीं,बल्कि सामाजिक सौहार्द को तोड़ने का सुनियोजित प्रयास है। पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि घटना के पीछे गहरा षड्यंत्र हो सकता है। पीड़ितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगजनी के दौरान पेट्रोल बम,बम, तीर-धनुष और फरसा का प्रयोग किया गया,हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है। समिति के पदाधिकारियो ने चेतावनी देते कहा घटना में उनके समाज के लोगों को न्यया नही मिला तो समूचे भारत के बंग समाज के लाखों लोग उग्र आंदोलन पर बाध्य होंगे।

## आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार की जनसुनवाई 30 को

हरिभूमि न्यूज : किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की एशिया की सबसे बड़ी स्लरी पाइपलाइन बेनिफिसियेशन प्लांट स्थापित है जिसमें रोजाना लाखों टर्न लौह चूर्ण का परिवहन किरंदुल से विशाखापटनम किया जाता है।

मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ग्राम-किरंदुल,में स्थित बेनिफिसियेशन प्लांट, क्षमता विस्तार के तहत प्रस्तावित आयरन ओर बेनिफिसियेशन प्लांट क्षमता 8.0 मिलियन टन, वर्ष से 120 मिलियन टन, वर्ष, क्षेत्र -3 83 हेक्टेयर (98.43 एकड़) के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया था उपरोक्त परियोजना की छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक सुनवाई लोक सुनवाई 30 दिसंबर को बीआईओपी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में रखी गई है जिसमें प्रभावित गांव और शहर ग्राम पंचायत मदारी, चोलनार, समलवार, हिरोली, पाड़ापुर, बड़े बचेली, गुमियापाल, कोड़ेनार, कड़मपाल, मड़कामिरास, किरंदुल क्षेत्र के लिए जन सुनवाई रखी गई हैं । पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई के नियम मुख्य रूप से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके तहत बने नियमों पर



आधारित हैं, जिसका उद्देश्य जनता को पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रियाओं में शामिल करना है; इसमें हितधारकों स्थानीय लोग, पर्यावरण समूह को परियोजना प्रस्तावक से सीधे सवाल पूछने, अपनी चिंताएं व्यक्त करने और सुझाव देने का अधिकार होता है, जिसमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

प्रस्तावित परियोजना के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया शुरू होने पर, स्थानीय भाषाओं में समाचार पत्रों में जनसुनवाई की तारीख, समय और स्थान की सूचना दी जाती है पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट और अन्य संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाती है।

परियोजना स्थल के निवासी, प्रभावित लोग, स्थानीय निकाय, पर्यावरण समूह और अन्य सभी इच्छुक व्यक्ति सुनवाई में भाग ले सकते हैं सभी उपस्थित लोगों को मौखिक या लिखित रूप में अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज कराने का अधिकार है।

## मेकाज के छात्रों ने किया रक्तदान, रक्त की कमी को दूर करने की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के वर्ष 2024 बैच के छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर शहर की रक्त की कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुबह से लेकर शाम तक चले इस रक्तदान शिविर में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में रक्त की निरंतर कमी को दूर करना है। विद्यार्थियों ने कहा कि संभाग के इस सबसे बड़े हॉस्पिटल में आए दिन रक्त को लेकर मरीजों को भटकते हुए देखा गया है, जिससे देखते हुए इस कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें एमबीबीएस की छात्राएं यानि बेटियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। कृष अग्रवाल ने बताया कि यहां पर आए दिन सड़क हादसे में घायल होकर आने वाले लोगों को भी रक्त की काफी जरूरत होती है, ऐसे में अगर उनको समय पर रक्त मिल जाएगा तो उनकी जान आसानी से बचाया जा सकती है।





**लोगों को नई जिंदगी दी जा सके**

इंटर्न कान्हा सोनी ने कहा कि रक्तदान के लिए आए दिन लोगों को जागरूक किया जाता है, जिससे लोगों की जिंदगी को बचाया जा सके। इसी तारतम्य में छात्रों द्वारा पहल शुरू की गई है, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके और उन्हें नई जिंदगी दी जा सके।

**रक्तदान से समाज की सुरक्षा**

मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि रक्तदान करना चाहिए, जिससे किसी व्यक्ति की शल्यचिकित्सा के समय, प्रसव या चोट के कारण अधिक रक्तस्राव से हुई खून की कमी की पूर्ति कर उसके जीवन को बचा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई नहीं जानता कब, किसे और कहां रक्त की जरूरत पड़ जाए, अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान से समाज की सुरक्षा है।

# लाला जगदलपुरी की 106वीं जयंती पर साहित्यिक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विपरीत परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद लाला जगदलपुरी की साहित्य साधना निरंतर,सशक्त और प्रतिबद्ध रही। उनके लेखन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने साहित्य को केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और मनुष्य को समझने का औजार बनाया। किसी भी लेखक के लिए पढ़ने और लिखने की प्रक्रिया का कभी रुकना नहीं चाहिए।लाला जगदलपुरी का पूरा जीवन इसी विचार का सजीव उदाहरण है। उनकी रचनाओं से गुजरना केवल साहित्यिक अनुभव नहीं,बल्कि बस्तर और उसके समाज को भीतर से समझने की यात्रा है।

- विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर रही साहित्य साधना
- आठ पुस्तकों का विमोचन, बस्तर केंद्रित साहित्य पर गहन विमर्श

लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय में आयोजित 106वीं जयंती के अवसर पर




हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके साहित्यिक योगदान पर विस्तार से विचार रखे। कहा गया कि लाला जगदलपुरी ने साहित्य के माध्यम से मनोविज्ञान,समाज और संस्कृति को समझने का गंभीर प्रयास किया। उनकी रचनाएं केवल कथानक तक सीमित नहीं रहीं,बल्कि उन्होंने अपने समय, परिवेश और सामाजिक यथार्थ को गहराई से शब्दों में पिरोया। साहित्यकार वस्तुतः समाज विज्ञानी की भूमिका निभाता है और इस कसौटी पर लाला जगदलपुरी का लेखन पूरी तरह खरा उतरता है।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि लाला जगदलपुरी का लेखन जीवनभर चलता रहा और सुविधाओं का अभाव कभी उनकी रचनात्मकता में बाधक नहीं बना। उनकी प्रकाशित ही नहीं, बल्कि अप्रकाशित रचनाएं भी अत्यंत मूल्यवान हैं। बस्तर पर केंद्रित उनका साहित्य आज शोधार्थियों के लिए संदर्भ सामग्री के रूप में उपयोगी है। उन्होंने आदिवासी संस्कृति को निकट से देखा, समझा और जिस संवेदनशीलता से उसे शब्दों में ढाला, वही उन्हें विशिष्ट बनाता है। वे कभी अपनी रचनाओं के प्रकाशन के लिए आग्रहशील नहीं रहे,बल्कि सादगी और आत्मिक संतोष के साथ साहित्य साधना करते रहे। संगोष्ठी के दौरान साहित्यिक गतिविधियों को और समृद्ध करते हुए आठ पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर साहित्य पाठ के माध्यम से लाला जगदलपुरी की रचनात्मक विरासत को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि कोई भी लेखक तभी कालजयी बनता है जब उसे परिवार और समाज का सहयोग मिले,और लाला जगदलपुरी के जीवन में यह सहयोग स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो योगेंद्र मोतीवाला,डॉ सुषमा झा,सनत जैन, हिमांशु शेखर झा,गंगाधर धुर,विजय सिंह,अर्जुन श्रीवास्तव सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे,जबकि विमोचित पुस्तकों में केशवलाल श्रीवास्तव की सात कृतियां और विनय श्रीवास्तव की 'काव्य पिटारा' शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा सरोज ने किया और अंत में पद्मश्री धर्मपाल सैनी,निगम स्पीकर खेम देवांगन,जिला शिक्षा अधिकारीबलीराम बघेल,अशोक पांडे पूर्णिमा देहारी,मनीषा देवांगन,शरद गौढ़,अजय पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

**बस्तर के 'वेरियर एल्विन' के रूप में स्मरण**

संगोष्ठी में वक्ताओं ने लाला जगदलपुरी को बस्तर का 'वेरियर एल्विन' बताते हुए कहा कि उनका साहित्य आदिवासी जीवन, संस्कृति और सामाजिक संरचना को समझने की अमूल्य धरोहर है। उनकी रचनाएं आज भी शोध,अध्ययन और नई पीढ़ी के लेखकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। जयंती के अवसर पर आयोजित यह संगोष्ठी उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करने के साथ-साथ बस्तर की सांस्कृतिक चेतना को पुनः रेखांकित करने का मंच बनी।

## विनोबा ऍप में बकावंड ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शैक्षणिक गतिविधियों के आकलन व शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति की निगरानी हेतु विनोबा अप के माध्यम से प्रतिदिन प्रविष्टि की कार्रवाई जिले भर में की जा रही है। ऐप के माध्यम से शिक्षक गण अपनी शिक्षक गतिविधियों व स्कूल की गतिविधियों के छोटे-छोटे क्लिप बनाकर पोस्ट करते हैं जिससे अन्य स्कूलों के शिक्षक गण व बच्चे लाभ ले रहे हैं। ऐप निश्चित तौर पर शिक्षकों व छात्रों के मध्य प्रतिस्पर्धा की भावना को जन्म देने में कामयाब रहा है। विकासखंड बकावंड के शिक्षक विकास साव, बेनुधार जोशी, खगेंद्र पाढ़ी, होमवती चनाप द्वारा विनोबा अप के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के गतिविधियों को साझा किया। जो कि माह अक्टूबर, नवम्बर में पोस्ट ऑफ़ द मंथ से



नवाज़ा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव व विकासखंड स्त्रोत समन्वय सोनसिंह भारती, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को बधाई दी गई। वह सभी शिक्षकों को प्रेरणा लेने कि नसीहत दी। विनोबा ऍप में प्रतिदिन की प्रविष्टि में भी विकासखंड बकावंड के सभी संस्थाओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके लिए जिला स्तर के उच्चाधिकारियों द्वारा बधाई दी।

### जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष ने संगठन का माना आभार

# श्रीनिवास मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुलाकात के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। सहकारी बैंक के माध्यम से किसानों को



समय पर ऋण उपलब्ध कराने,बैंकिंग सुविधाओं को और अधिक सुलभ व मजबूत बनाने तथा कृषि हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों के हितों की रक्षा करते हुए सहकारी बैंक को मजबूत बनाना रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि सहकारी बैंक किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगा। उन्होंने संगठनात्मक समन्वय के साथ कार्य करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, शशिभूषण रथ एवं नरेंद्र पाणिग्राही सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं देते हुए किसानों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नानगुर और बड़ेमुरमा धान खरीदी केन्द्र में किसानों ने बताया मिल रही सभी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य शासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाने के साथ ही सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के नानगुर और बड़ेमुरमा धान बेचने पहुंचे किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता, समय पर तौल सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार के कारण काफी सहूलियत मिल रही है। इन किसानों में से जगदलपुर ब्लॉक के अलनार निवासी कृषक सोनधर बघेल और नानगुर के कृषक राजाराम कश्यप ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर अब खेती-किसानी को बढ़ावा दे रहे हैं। खेत की मरम्मत सहित नलकूप स्थापना कर रबी में गेंहू और साग-सब्जी की खेती को प्रोत्साहन मिला है। रबी फसल लेने से अतिरिक्त आमदनी होने के फलस्वरूप घर-परिवार में खुशहाली आयी है।

जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत नानगुर धान खरीदी केन्द्र में अलनार निवासी किसान सोनधर बघेल ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर खेती जमीन का मरम्मत मरम्मत करवाया, धान उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने 68 क्विंटल धान विक्रय करने की बात कही। वहीं राजाराम कश्यप ने कहा कि अभी 90 क्विंटल धान बेचने के साथ ही दो लाख रुपए फसल ऋण लिंकिंग के तहत जमा करेंगे। वर्तमान में नलकूप की मदद से अभी दो एकड़ रकबे में गेहूं और साग-सब्जी की फसल लेने तैयारी कर रहे हैं।


हरिभूमि
24वां
स्थापना दिवस
मान. मल्लिकार्जुन खड़गे जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
मान. राहुल गांधी जी
विपक्ष के नेता लोकसभा व सांसद अमेठी
मान. सचिन पायलट जी
छग प्रभारी
मान. एस ए संपत जी
छग सह प्रभारी छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. चरण दास महंत जी
नेता प्रतिपक्ष छग विधानसभा
मान. भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री छग
मान. टीएस सिंहदेव जी
पूर्व उपमुख्यमंत्री छग
जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को
प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र
हरिभूमि
के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं
संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
मान. दीपक बैज
प्रदेश अध्यक्ष
छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
सुशील मौर्य
जिलाध्यक्ष
बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी


हरिभूमि में कई सारी खूबियां है जो उसे दूसरों से अलग बनाती है, जैसे की कुछ अलग करने की सोच, हरिभूमि ऐसा अखबार है जो सच्चाई लिखने के लिए हर स्तर पर प्रयास करता है। इसी सोच की वजह से हरिभूमि की अपनी एक अलग पहचान है। सटीक, सुंदर भाषा और प्रस्तुति के चलते समाज के हर वर्ग का पसंदीदा अखबार है।
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
हरिभूमि
45 गांवों के लोग हुए इकट्ठे, चर्च फूंका, तोड़फोड़
पथराव में कई पुलिस अफसर-जवान घायल
“माँ कसम”
CureBay
KAVACH
हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY
विनीत
एक शुभचिंतक, जगदलपुर

# खबर संक्षेप

## नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प



**बीजापुर।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती के पावन अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से नशामुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता फैलाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश दिया गया। इस अवसर पर नशामुक्ति रैली का आयोजन कर आमजन को नशा एवं मद्यपान से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के उपरांत शपथ समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित नागरिकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्टजनों एवं दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए, जिससे उनके दैनिक जीवन को सरल एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त एवं मद्यपान निषेध को लेकर व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने दिए निर्देश



**बीजापुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने जनपद पंचायत बीजापुर के सरपंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आवास नोडल की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सली हमलों में मृत व घायल परिवारों से व्यक्तिगत संपर्क कर शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए वार्ड पंचों के माध्यम से प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए। वही नियद नेल्लानार योजना के तहत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए।

## किसानों से 14 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई



**बीजापुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 2540 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों से कुल 14,3948.40 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया है। धान खरीदी के एवज में किसानों को कुल 340.13 करोड़ रुपये का समर्थन मूल्य भुगतान निर्धारित किया गया जिसमें से 122.82 करोड़ रुपये की राशि अब तक किसानों के खातों में भुगतान की जा चुकी है। वहीं शेष राशि का भुगतान भी चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की देय राशि भी सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है। कुल मिलाकर किसानों को अब तक लगभग 252.45 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

## 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान

**बीजापुर।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 38,523 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 403 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने बताया अभियान का शुभारंभ 21 दिसंबर को प्रातः जिला स्तर पर कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा।

# जिले के विकास के साथ कोई समझौता नहीं होगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ मीडिया और प्रशासन मिलकर करेंगे कार्य मीडिया रिपोर्ट्स को दी जाएगी तव्वजों



जिले के नवनियुक्त कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर ध्रुव ने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए जिले की प्रशासनिक प्राथमिकताओं एवं विकास संबंधी योजनाओं पर अपने विचार साझा किए।


कलेक्टर ने कहा कि मीडिया प्रशासन और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे फील्ड में जाकर वास्तविक परिस्थितियों से अवगत हों तथा यदि किसी भी प्रकार की समस्या, जनहित से जुड़ा विषय अथवा योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कमी सामने आती है तो उसे सीधे प्रशासन के संज्ञान में लाएं। उन्होंने जिले में नवीन संचालित योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बताया कि इस योजना अंतर्गत दंतेवाड़ा जिला भी चयनित है। योजना के विकास सूचकांकों को बेहतर करने और प्राप्त लक्ष्यों के शत प्रतिशत संतृप्तिकरण हेतु कार्य योजना बनाकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शत-प्रतिशत पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले के समग्र विकास, सुशासन और जनसेवा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और योजनाओं का प्रभावी लाभ मिल सकेगा। परिचयात्मक चर्चा के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने भी जिले के समस्याओं के संबंध में अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम लोकांस एल्मा सहित प्रमुख मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आयोजन : संस्कार, संस्कृति और आधुनिकता का भव्य संगम

# हम के वार्षिक उत्सव ल्यूमिनार्क में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







ग्राम कालीपुर स्थित हम अकादमी द्वारा गुरुवार को प्रतिवर्ष की भांति भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रेखचंद जैन एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, मंचासीन रहे।

■ बच्चों की प्रस्तुतियों ने रात 12 बजे तक दर्शकों को बांधे रखा

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम ल्यूमिनार्क विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कृति और सृजनात्मकता का जीवंत मंच बना। बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक रंगारंग, सांस्कृतिक और विषय आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन रखा। विद्यालय के अध्यक्ष हनीफ बारबटिया एवं संचालक साहिल बारबटिया द्वारा अतिथियों का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। मंच से प्रस्तुत कार्यक्रमों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आधुनिक 21वीं सदी की मिश्रित झलक देखने को मिली। बच्चों की प्रस्तुतियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत साफ झलक रही थी, जिसे देखकर अभिभावक एवं दर्शक भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में शिव तांडव, महाभारत नृत्य नाटिका – आज की द्रौपदी, रानी पद्मावती का जौहर, कांतारा थीम डांस, लगान थीम एक्ट, ह्यूमन इवोल्यूशन एक्ट, साइबर क्राइम एक्ट, रोबोटिक/एआई डांस, जंगल बुक थीम डांस, चार्ली चैपलिन डांस, रैंप वॉक, बॉलीवुड बीट्स सहित कई प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। विशेष आकर्षण के रूप में इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस और ग्रैंड फिनाले ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मंच से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। संस्थापक श्री हनीफ बारबटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अकादमी में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और आस्था का भी ज्ञान दिया जाता है। यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन उप-प्राचार्या डॉ. आशा जोशी द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मारुति इलेवन व नैनमुर के बीच खेला जाएगा फायनल मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावण्ड

शुक्रवार को मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मारुति इलेवन करपावंड बनाम तारापुर खेला गया। जिसमें मारुति इलेवन करपावण्ड विजयी रहा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मारुति इलेवन करपावंड ने 12 ओवरों में संजू देवांगन और प्यारेलाल देवांगन के अर्धशतकों के बदौलत 169 रनों का लक्ष्य तारापुर के सामने रखा। इस लक्ष्य को तारापुर के बल्लेबाजों ने हासिल करने में घुटने टेक दिए और मात्र 41 रन पर ही पूरी टीम सिमट गई। यह मुकाबला मारुति इलेवन करपावंड ने 127 रन से जीता। इस जीत के साथ मारुति इलेवन करपावंड ने फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच संजू देवांगन रहे। जिन्होंने 20 गेंदों में ताबड़तोड़ 52 रन बनाए और 2.4 ओवर में 15 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

■ अर्द्ध शतकीय पारी के लिए संजू देवांगन को मैन ऑफ द मैच

आज के अतिथि सिद्धि विनायक धर्मात्र ट्रस्ट नागेंद्र नाथ बरियार, राजू देवांगन, पूर्व सरपंच सामो राम कश्यप, जयमन देवांगन, पदम देवांगन, शंकर चौधरी, राजेश गुप्ता, गणेश मरकाम एवं मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे।

प्रत्येक मैच का मैंन ऑफ द मैच बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड के संजू देवांगन के द्वारा दिया जा रहा है। अंपायर मिथलेश देवांगन और खगेश्वर भारती थे। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 21 दिसंबर को मारुति इलेवन करपावंड बनाम नैनमुर के बीच 1 बजे खेला जाएगा। यह आयोजन मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

## सौंपा ज्ञापन...





**जगदलपुर।** बचेली के एनएमडीसी गेट में सीआईएफ जवानों द्वारा महिलाओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की कड़ी भर्त्सना करते हुए जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने इस अन्याय के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर आज दंतेवाड़ा-बस्तर जिला सहित बस्तर के सभी जिलो में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में जगदलपुर में आज कलेक्टर को इस विषय में निष्पक्ष जांच की प्रजातांत्रिक मांग के साथ ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी के साथ संभागीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। इस गंभीर और संवेदनशील विषय पर जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने पहले ही कहा है कि टेलिंग डैम से विस्थापन, पुनर्वास एवं पर्यावरणीय सुरक्षा जैसी संवैधानिक मांगों को लेकर शांतिपूर्ण रैली में एकत्र निहत्थी महिलाओं पर सशस्त्र पुरुष सुरक्षा गार्डों द्वारा जानलेवा लाठीचार्ज किया गया। घटनास्थल पर महिला पुलिस बल की अनुपस्थिति से पीड़ित महिलाओं को संवेदनशील सहायता नहीं मिल सकी।

# 7 माह से डीएमएफ प्रस्तावों पर कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





डीएमएफ मद से स्वीकृत विकास कार्यों पर जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। दर्जन भर गांवों में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट और करीब 92.8 लाख रुपये से नलकूप खनन के प्रस्ताव पिछले सात महीनों से लंबित पड़े हैं। सांसद महेश कश्यप द्वारा जिला प्रशासन को स्वीकृति के लिए पत्र लिखे जाने के बावजूद अधिकारी केवल औपचारिकताओं में उलझे नजर आ रहे हैं। अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा उसूर ब्लॉक के ग्रामीण भुगत रहे हैं, जहां आज भी कई गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं और पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। बीजेपी नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि जी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि बार-बार आवेदन देकर थक चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। सांसद द्वारा बीजापुर जिले के 11 पुनर्वास गांवों की सड़कों पर 1 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से 350 स्ट्रीट लाइट खंभे एवं 10 गांवों में 92 लाख रुपये की लागत से 40 नए बोर खनन का प्रस्ताव दिया गया था। परंतु अधिकारियों की अनदेखी के कारण ये योजनाएं अब तक जमीन पर नहीं उतर सकीं। दूसरी ओर जिला प्रशासन नियद नेल्लानार अभियान का जमकर प्रचार कर रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, नल-जल और बिजली जैसे सभी विभागों की साझेदारी के बावजूद यह अभियान अपेक्षित सफलता हासिल करता नजर नहीं आ रहा।

प्रचार की गूंज इतनी तेज है कि अन्य जरूरी योजनाओं की आवाज दबकर रह गई है। बीजेपी नेता का आरोप है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो विकास के दावे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे और जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए यूं ही संघर्ष करना पड़ेगा।

## दुगनपाल में एसआईआर को लेकर हुई बैठक

**तोकापाल।** तोकापाल मण्डल के शक्ति केन्द्र दुगनपाल में एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित की गई। शक्ति केन्द्र अंतर्गत आने वाले शक्ति केन्द्र प्रभारी, सहप्रभारी 5 पोलिंग बूथ दुगनपाल, एरण्डवाल, बड़ेआरापुर, छोटेआरापुर, परपा के बूथ अध्यक्ष, सचिव, पालक, बीएलओ एवं भाजपा कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।
बैठक में तोकापाल मण्डल प्रभारी योगेन्द्र पाण्डेय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों का साथ भरपूर मिला व बढ़ चढ़ की भागीदारी बने।

# बीमा कंपनी अदा करेगी जमा किश्त की राशि एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा आवेदक की जमा की गई किश्त की राशि एक लाख रुपए वापस अदा किए जाने एवं मानसिक क्षति हेतु 5 हजार रुपए दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। यह फैसला आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी जोहन सिंह नायक द्वारा एचडीएफसी बैंक जगदलपुर से ऋण प्राप्त किया गया था। इसके पश्चात आवेदक को एचडीएफसी लाइफ उदय नाम की बीमा पॉलिसी प्रदान की गई थी। जिसकी किश्तों का भुगतान आवेदक द्वारा नियमित रूप से किए जाने के पश्चात अंतिम 3 वर्षों की किश्तों का भुगतान एक साथ बीमा कंपनी को कर दिया गया था, पर बीमा कंपनी द्वारा अंतिम 3 वर्षों के भुगतान को स्वीकार न करते हुए उक्त राशि आवेदक के खाते में वापस भेजे जाने के कारण बीमा राशि देने से इन्कार किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा पॉलिसी की वर्तमान प्रास्थिति पैड अप कॉन्ट्रैक्ट होना दर्शित है।

जिसका अर्थ कि यदि बीमा धारक प्रीमियम देना बंद कर देता है, लेकिन जारी पॉलिसी कम कवरेज राशि के साथ जारी रहती है और पूरी तरह से समाप्त नहीं होती, जिसमें सब कुछ खोने के बजाय कुछ सुरक्षा मिलती है। यह न्यूनतम अवधि 2 से 3 साल के लिए प्रीमियम का भुगतान के बाद सक्रिय हो जाती है, इससे जारी पॉलिसी पूरी तरह से भुगतान की गई पॉलिसी में बदल जाती है। इसके लाभों की गणना भुगतान किए गए प्रीमियम और कुल नियोजित प्रीमियम के आधार पर की जाती है और यदि बीमा धारक को कुछ कव्हर करने की आवश्यकता होती है तो सरेंडर करने का बेहतर विकल्प प्रदान करती है। इसके अनुसार आवेदक भुगतान की गई किश्त की राशि के आधार पर बीमा पॉलिसी को सक्रिय करने का अधिकार रखता है। इस हेतु आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 5 हजार रु पृथक से अदा किए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।

### आत्मसमर्पित युवाओं के नये राह पर बढ़ते कदम

# हुनर को तराशकर दे रहे पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



समाज की मुख्यधारा में लौट कर नया जीवन शुरू करना साहस, संकल्प और सही मार्गदर्शन का परिणाम होता है। जिले में नक्सल उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले दो पूर्व नक्सल प्रभावित व्यक्तियों की जीवन यात्रा आज समाज के लिए प्रेरणा बन रही है।

इस क्रम में बीजापुर जिले के थाना जांगला क्षेत्र की निवासी 30 वर्षीय महिला जोगी पोड़ियाम पति दुकालु ने वर्ष 2010 में अल्पायु में नक्सल संगठन की राह पकड़ ली थी। संगठन में रहते हुए उन्हें मिलिशिया सदस्य एवं सप्लाई दल जैसे दायित्व निभाने पड़े। इस दौरान परिवार से दूरी, जंगलों में भटकना और हर समय पुलिस से मुठभेड़ का डर उनके जीवन का हिस्सा रहा। जुलाई में उन्होंने जिला बीजापुर में आत्मसमर्पण कर हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा को अपनाया। वर्तमान में वे लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में सिलाई मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें आवास, भोजन, कपड़े सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हाल ही में जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक में प्रशिक्षणार्थियों को जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से भाग लेने का जोगी पोड़ियाम को अवसर मिला, जिसमें उन्होंने रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस तरह खेलों के माध्यम से उनका आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव बढ़ा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे सिलाई मशीन के माध्यम से स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर जीवन जीना चाहती हैं। इसी तरह नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के निवासी 40 वर्षीय अजय अलामी पिता मुराराम अलामी ने 2007 में नक्सल संगठन ज्वाइन किया था। आत्मसमर्पण के बाद उन्हें अपने परिवार से मिलने, सामान्य जीवन जीने और बाजार जाने जैसी स्वतंत्रताएं पुनः मिलीं। वर्तमान में वे लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# समय पर कार्यालय पहुंचने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के नवनियुक्त कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर में स्थित प्रसाधन कक्षों की सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए महिला एवं पुरुष शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यालयीन वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कार्यालय परिसर में आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सुबह 10:30 बजे तक सभी की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होने के साथ ही उपस्थिति की जानकारी देने को कहा। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट में स्थिति अन्य कार्यालयों में ई ऑफिस प्रणाली के अनुरूप कार्यालयीन कार्य संपादित करने अन्य कार्यक्रमों को संबंधित विभागीय ग्रुप में अपलोड करने के संबंध में भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रीडर शाखा, राहत शाखा, नाजिर शाखा, राजस्व शाखा, भू-अभिलेख शाखा, उप-पंजीयक कार्यालय, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई सहित अन्य विभागों की शाखाओं का अवलोकन किया।